दिनांक 08.04.2024 समय 18.30

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 सीटों पर नाम वापसी के बाद कुल 152 उम्मीदवार मैदान में।
- राज्य में लोकसभा चुनाव के लिये राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से प्रचार जोर–शोर से जारी।
- वायुसेना के लड़ाकू विमानों का सांचौर जिले में आपातकालीन पट्टी पर अभ्यास।

और

- राज्य में गर्मी का असर तेज–जोधपुर संभाग में कुछ जगह अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार।

000

प्रदेश में दूसरे चरण के तहत लोकसभा की 13 सीटों के लिए हो रहे चुनाव के तहत आज नाम वापसी का समय समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट हो गयी है। अब दूसरे चरण की 13 सीटों के लिए कुल 152 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण के लिए कुल 191 प्रत्याशियों के नामांकन सही पाये गये थे। इनसे से 39 प्रत्याशियों ने अपने पर्चे वापस ले लिये। निर्वाचन विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार दूसरे चरण में सबसे ज्यादा 18 प्रत्याशी चित्तौडगढ लोकसभा सीट पर हैं, जबकि सबसे कम सात प्रत्याशी झालावाड़–बारां सीट पर भाग्य आजमा रहे हैं। इसके अलावा, जोधपुर और कोटा में 15–15, अजमेर में 14, पाली में 13, जालोर में 12, टोंक सवाई माधोपुर तथा बाडमेर में 11–11, राजमसंद और भीलवाडा में 10–10 तथा उदयपुर और बांसवाड़ा में आठ–आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गये हैं।

000

कांग्रेस की ओर से बांसवाड़ा लोकसभा सीट तथा बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव में भारत आदिवासी पार्टी के बीच गठबंधन करने के ऐलान के बाद भी आज पार्टी के उम्मीदवारों ने नाम वापस नहीं लिये। बताया गया कि कांग्रेस की ओर से नाम वापसी के लिए अपने प्रत्याशी अरविंद डामोर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन वे सफल नहीं हो पाये। पार्टी की ओर से श्री डामोर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के भी समाचार हैं। बागीदौरा विधानसभा सीट के

उप–चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कपूर सिंह ने भी नामांकन वापस नहीं लिया। तकनीकी तौर पर ये कांग्रेस के उम्मीदवार रहेंगे।

000

राज्य में लोकसभा चुनाव के लिये राजनीतिक दल और उम्मीदवार जोर–शोर से प्रचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज जैसलमेर में लोकसभा चुनावों को लेकर विभिन्न बैठकें ली। उन्होंने शहर के प्रबुद्धजनों के साथ भी बैठक की। नीमकाथाना जिले के पाटन में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने इण्डिया गठबंधन उम्मीदवार सीपीआईएम के अमराराम के समर्थन में जनसभा की। श्री पायलट ने आमेर के जालसू में जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चोपड़ा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी द्वारा देश में किये गये कामों के बारे में विस्तार से बात की। इस जनसभा में पार्टी के कई नेता मौजूद रहे। श्री पायलट ने झुन्झुनू के खेतड़ी में भी सभा को सम्बोधित किया।

स्टार प्रचारकों के आगामी दौरे के तहत भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 11 और 12 अप्रैल को प्रदेश दौरे का कार्यक्रम है। वे 11 अप्रैल को करौली में आमसभा करेंगे। उनका 12 अप्रैल को बाड़मेर में सभा को सम्बोधित करने और दौसा में रोड़ शो करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 11 अप्रैल को अनूपगढ़ और फलौदी में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

000

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने भाजपा पर झूठ बोलने और वादे नहीं निभाने का आरोप लगाया है। आज जयपुर में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री डोटासरा ने कांग्रेस की ओर से जारी किये 'न्याय पत्र' में किये वादों के बारे में विस्तार से बातचीत की। इलेक्टोरल बॉन्ड पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी अपने आप में मायने रखती है। कांग्रेस की पूर्ववर्ती राज्य सरकार तथा कांग्रेस शासित अन्य राज्यों की ओर से किये गये वादों को पूरा करने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस जो गारंटी देती है उसे पूरा करके दिखाती है।

उन्होंने दावा कि आने वाले चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा और एनडीए की सरकार नहीं बनेगी। श्री डोटासरा ने कहा कि भाजपा की अंदरूनी राजनीति के कारण ईआरसीपी योजना समय पर राष्टीय परियोजना नहीं बन पायी।

000

---

प्रदेश में लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं की शत–प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता और प्रचार प्रसार के कार्यक्रम लगातार जारी हैं। सवाईमाधोपुर रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म, वेटिंग हॉल सहित प्रमुख स्थानों पर आवश्यक रूप से मतदान करने का संदेश और अपील प्रसारित किए जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन पर सेल्फी प्वाइंट के अलावा प्रवेश और निकास द्वार पर होर्डिंग और फ्लेक्स लगाकर सभी मतदाताओं से आवश्यक रूप से मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है। डीग में भी स्वीप के तहत जागरूकता कार्यक्रम हो रहे हैं। और ब्यौरा हमारी संवाददाता से–

---

पाली के जिला कलेक्ट्रेट परिसर में लगी हुई स्थाई एलईडी स्क्रीन पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए और मतदान की प्रक्रिया के बारे में वीडियो से प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में टोंक जिले के देवली में आज रन फोर वोट का आयोजन किया गया। बारां में मतदाता जागरूकता रथ को चुनाव पर्यवेक्षक आंचल गोयल और जिला निर्वाचन अधिकारी रोहितश्व सिंह तोमर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ के साथ स्वीप दल के सदस्य नुक्कड़ नाटक और अन्य कार्यक्रमों के जरिये मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं। झालावाड के पिडावा में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने चुनाव संबंधी मेहंदी बनाकर मतदान का संदेश दिया। केकडी में मतदाता जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। दौसा में लालसोट के गांगल्यावास और सिकराय विधानसभा क्षेत्र में महिला आंगनबाडी कार्यकर्ताओं की बैठक में सभी को वोट डालने का संदेश दिया गया। श्रीगंगानगर में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन कर महिलाओं और छात्राओं ने मतदान की अपील की।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। आज का संदेश बाड़मेर जिले के श्रोता ने भेजा है।

---

000

लोकसभा सीटों के चुनावी विश्लेषण की श्रृंखला में आज पेश जयपुर लोकसभा क्षेत्र में चल रहे चुनावी दंगल की तस्वीर–

जयपुर सीट का चुनाव पहले चरण में 19 अप्रैल को होने जा रहा है। ऐसे में यहां चुनाव प्रचार तेज हो चुका है।

----------------------

000

भारतीय वायुसेना ने आज सांचौर जिले में स्थित आपातकालीन हवाई पट्टी पर अभ्यास किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस अभ्यास को देखने के लिये वायुसेना के आला अधिकारी और जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

-------------------

000

राज्य में गर्मी का असर तेज होता जा रहा है। जोधपुर संभाग के कुछ भागों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया जा रहा है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार आगामी 72 घंटों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस दौरान जोधपुर, बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं अधिकतम तापमान 42–43 डिग्री से ऊपर दर्ज होने तथा शेष अधिकतर भागों में 39–41 डिग्री दर्ज होने की संभावना है।

केंद्र ने कहा है कि 9 अप्रैल से पूर्वी हवाओं के प्रभावी होने से पूर्वी व दक्षिण–पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं मेघगर्जन, बारिश की गतिविधियां होने की संभावना है।आंधी बारिश की गतिविधियां 11–12 अप्रैल को भी कहीं–कहीं जारी रहने की संभावना है।

000

झालावाड आज अपना 187 वां स्थापना दिवस मना रहा है। आज ही के दिन 186 साल पहले कोटा रियासत से अलग होकर झाला जालिम सिंह ने झालावाड राज्य की स्थापना की थी। जिला पर्यटन समिति की ओर से आज स्थापना दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी रखी गई जिसमें वक्ताओं ने झालावाड में पर्यटन क्षेत्र में बढती संभावनाओं पर चर्चा की गई।

दिन दिनों लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते सरकारी कार्यक्रम आयोजित नहीं हुए।

000

उत्तर भारत की प्रमुख शक्तिपीठ भरतपुर की कैला देवी झील का बाड़ा में आज से लक्खी मेला शुरू हो गया। 15 दिन तक चलने वाले इस मेले में पदयात्रा करते हुए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मेले

में राजस्थान के अलावा मध्यप्रदेश, दिल्ली सहित अन्य प्रान्तों के अनुयायी पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु यहां के प्रमुख सरोवर काली सिल और रविकुण्ड में पवित्र स्नान कर रहे हैं।

000